Upciss Prime

U.P.C.I COMPUTER EDUCATION

Lakhimpur-Kheri www.upcissprime.com

# Photoshop

## Adobe Photoshop Notes in Hindi

Upciss Prime

Free Online Computer Classes & PDF Notes

**Video Lecture**

☞ Upciss Prime

**Practice Set and pdf notes**

☞ www.upcissprime.com


**Contact: rohitupciss@gmail.com**

Published by Rohit Verma for UPCI Computer Education Mela Maidan, Lakhimpur-Kheri Uttar Pradesh, India 262701

Copyright © 2024 UPCISS PRIME

## Introduction to Photoshop

Photoshop Adobe company द्वारा विकसित एक Graphic Design, Image Creation, और Photo Editing सॉफ़्टवेयर है। यह सॉफ़्टवेयर, पिक्सेल-आधारित छवियों, Raster Graphics, और vector graphics के लिए कई Image Editing Features देता है। फोटोशॉप की मदद से आप किसी भी तरह की फोटो बना सकते हैं और उसे Edit भी कर सकते हैं और बहुत सारे काम जो आप फोटोशॉप में आसानी से कर सकते हैं। फ़ोटोशॉप का Default Extension .psd होता हैं।



**Title Bar: -** फोटोशॉप में टाइटल बार सबसे उपर का भाग होता हैं इसमें प्रोग्राम का नाम और यदि फोटोशॉप की कोई फाइल खुली हो तो उसका भी नाम दिखाया जाता हैTitle Bar के Right Side मे तीन Control Button होते है। जिनके नाम minimize, maximize और close होता है। Default प्रोग्राम का शीर्षक Adobe Photoshop होता है।


**Menu Bar: -** यह टाइटल बार के ठीक नीचे होता है जिसमे बहुत सारे टैब या मेनू होते हैं जिसके मदद से आप फोटोशोप में उनके नाम के अनुसारे अलग अलग काम कर सकते हो।

**Tool box: -** यह फोटोशॉप का प्रमुख टूल पैकेट होता है जिसमें फोटोशॉप में उपलब्ध सभी कार्यों और सुविधाओ के लिए टूल उपलब्ध होते है। यह भाग फोटोशॉप के पेज के लेफ्ट साइड में होता हैं जिसमे बहुत सारे टूल होते हैं यह फोटोशॉप का सबसे मुख्य भाग माना जाता हैं।


**Palettes: -** फोटोशॉप में आपके कार्य को अच्छी तरह करने में सहायता पहुचाने के लिए कई पैलेट उपलब्ध होते है इसमें कुछ निम्न है- Toolbox, Navigator, Color Styles, History, Layers Paths

**Work Area: -** फोटोशॉप के पेज में जो भी काम करते हैं उस पेज को वर्क एरिया कहते हैं।


## Adobe Photoshop Toolbox (फोटोशॉप के टूल बॉक्स)




**1. Rectangular Marquee Tool (M) -** फोटोशॉप के इस टूल का प्रयोग इमेंज के किसी आयताकार वाले भाग को चुनेने के लिए किया जाता है यह कार्य इसलिए किया जाता हैं, ताकि Select किये भाग को Delete किया जा सके , Copy किया जा सके, Move किया जा सके या फिर Resize किया जा सके, कलर बदल सकते हैं आदि काम इस टूल से कर सकते हैं।



**2. Rounded Rectangular Marquee Tool (M)-** Photoshop के इस टूल` प्रयोग भी आयताकार Shape के लिए किया जाता हैं लेकिन इसकी कार्नर राउंडेड होती है।



**3. Elliptical Marquee Tool (M)-** Photoshop के इस टूल के प्रयोग से वही कार्य किया जाता है। जो Rectangle Marquee Tool के द्वारा किया जाता हैं सिर्फ फर्क यही है कि Ellipse Marquee Tool का इस्तेमाल किसी भी पिक्चर को व्रताकार या अंडाकार शेप मे सेलेक्ट करने के लिए प्रयोग किया जाता है।



**4. Single Column Marquee Tool (M) -** Photoshop के इस टूल का प्रयोग Single Column को सेलेक्ट करने के लिए किया जाता हैं।




**5. Single row Marquee Tool (M)-** Photoshop के इस टूल का प्रयोग Row को सेलेक्ट करने के लिए किया जाता हैं।



**6. Move Tool (V) -** Photoshop के इस टूल का प्रयोग से किसी image, Text, को Move करने या एक जगह से उठाकर दूसरी जगह ले जाने के लिए किया जाता हैं।



**7. Magic Wand Tool (W)-** Photoshop के इस टूल के प्रयोग से किसी एक Pixcels को सेलेक्ट करने के लिए किया जाता हैं इस टूल का ज्यादातर इस्तेमाल किसी Photo के Background Color को हटाने के लिए किया जाता हैं लेकिन ध्यान रहे की Picture के बैकग्राउंड का Color एक जैसा होना चाहिए।



**8. Lasso Tool (L) -** Photoshop के इस टूल का प्रयोग से Image के किसी भाग को mouse द्वारा Drag करते हुए Select किया जाता हैं। परंतु यह टूल Image को सही तरीके से कट नहीं कर पाता हैं यह Tool pencil चलाने की भांति कार्य करता हैं।




**9. Polygonal Lasso Tool (L)–** Photoshop के इस टूल का प्रयोग भी Image को कट करने के लिए किया जाता हैं परंतु यह टूल Picture के कार्नर को गोलाकार में नहीं काट पता हैं यह कार्य माउस के द्वारा क्लिक करते हुए और आगे बढते हुए घेरा बनाया जाता हैं।



**10. Magnetic Lasso Tool (L) -** Photoshop के इस टूल के प्रयोग से चुम्बक की भांति किसी एक Pixcels या एक समान रंग वाले Pixcel को आसानी से चुन सकते हैं Magnetic Lasso Tool को Mouse के द्वारा एक रंग के Pixcelase के Border पर Selection करके Mouse को बढाते जायेगे और Picture सेलेक्ट होती जाती हैं।




**11. Slice Tool (K)-** Photoshop के इस टूल के प्रयोग से Image को किसी छोटे–छोटे टुकड़ो में काटने के लिए प्रयोग किया जाता हैं।




**12. Slice Select Tool (K) -** Photoshop के इस टूल के प्रयोग से Slice Tool द्वारा Select किए गए Selection के आकार को हटा सकते हैं या उसके आकार में परिवर्तन भी कर सकते है।




**13. Crop Tool (C) –** Crop Tool का प्रयोग किसी भी Picture को काटने के लिए प्रयोग करते है। जितना हिस्सा Picture का सेलेक्ट करोगे उतना कट जायेग।




**14. Healing Brush Tool (J) -** Photoshop के इस टूल के प्रयोग से Photo को Touching के द्वारा ठीक करने का कार्य किया जाता हैं इस टूल के प्रयोग से हम किसी दाग धब्बे को हटा सकते हैं किसी Image या पोस्टर को तैयार करने में इस टूल का ज्यादा इस्तेमाल किया जाता है Alt Button से सेलेक्ट करने के बाद कही भी लगा सकते है।



**15. Patch Tool (J) –** इस टूल के प्रयोग से किसी Image के स्थान पर किसी अन्य इमेज या Color को चढाने के लिए किया जाता है।




**16. PaintBrush Tool ( B )-** Brush tool का प्रयोग किसी भी Picture मे किसी भी हिस्से मे Color भरने के लिए किया जाता हैं।



**17. Pencil Tool (B) -** Photoshop के इस टूल के प्रयोग से Pencil के द्वारा उचित Drawing बनाने के लिए इस्तेमाल किया जाता हैं Pencil चलाकर लिखने या लाइन करने के लिए किया जाता हैं।



**18. Clone Stamp Tool (S) –** इस टूल का प्रयोग ब्रश टूल की तरह होता है इस टूल का इस्तेमाल करके किसी भी Picture के Part को Copy करके कही भी इस्तेमाल कर सकते है। इसके लिए भी Alt Button का प्रयोग किया जाता है।



**19. Pattern Stamp Tool (S) –** Photoshop के इस टूल का प्रयोग Image के अनचाहे भाग पर किसी पैटर्न का प्रयोग करने के लिए किया जाता है प्रयोग किए जाने वाले पैटर्न को लाइब्रेरी से सिलेक्ट किया जा सकता है। और अपना नया पैटर्न भी बनाया जा सकता है।




**20. History Brush Tool (Y) -** इस टूल का इस्तेमाल Photoshop मे आपने किसी भी Picture मे कोई परिवर्तन किया है और उस परिवर्तन को हटाने के लिये किया जाता है। और Picture पहले जैसे दिखाने लागती है।




**21. Art History Brush (Y) -** इस टूल का प्रयोग History Brush tool के तरह ही किया जाता है लेकिन थोडा इसमे अन्तर होता है History Brush tool में विभिन्न Brush ऑप्शन होते है जिसमें अलग–अलग इफेक्ट डाले जा सकते है और History इतनी इसको मिटाता है।




**22. Eraser Tool (E) -** Photoshop के इस टूल के प्रयोग से किसी Image को मिटाने का कार्य किया जाता है इससे मिटाने पर Photoshop का Background Color नजर आता है।




**23. Background Eraser Tool (E) –** Background Eraser tool का प्रयोग किसी भी Picture को मिटाया जाता है जिससे Photoshop के वास्तविक Background नजर आने लगता है।




**24. Magic Eraser Tool (E) -** Photoshop के इस टूल के प्रयोग से किसी Image के स्थान के एक रंग के Pixels को पूरी तरह से Delete करने के लिए किया जाता है जो की वास्तविक Background देता हैं।



**25. Gradient Tool (G) -** इस टूल के प्रयोग Picture में Background में मल्टीकलर मे रंग भरने के लिए प्रयोग करते है।




**26. Paint Bucket Tool (G) -** Photoshop के इस टूल का प्रयोग picture में Single color भरने के लिए प्रयोग करते है।



**27. Blur Tool (R) -** Photoshop के इस टूल का प्रयोग से Image को धुंधला कर देती है




**28. Sharpen Tool (R) -** Photoshop के इस टूल के प्रयोग से Image को डार्क करने के लिए किया जाता हैं।



**29. Smudge Tool (R) -** Photoshop के इस टूल का प्रयोग से किसी भी picture को धुंधला करना या उसमें बदलाव करना Smudge tool का इस्तेमाल करते है।



**30. Dodge Tool (O) –** इस tool का प्रयोग picture के किसी भी भाग के रंग को हल्का करने के लिए किया जाता हैं। और लाइट बढाने के लिए भी प्रयोग किया जा सकता है।




**31. Burn Tool (O) -** यह टूल Dodge tool के opposite काम करता है इसके द्वारा image pixels को dark किया जा सकता है।



**32. Sponge Tool (O) -** Photoshop के इस टूल का प्रयोग से Image के किसी भी भाग पर Color Saturation को बढाने या कम करने के लिए किया जाता है।




**33. Path Selection Tool (A) –** Custom Shape या Shape के मदद से ड्रा किये गए Shape को सेलेक्ट करके मूव करने के लिए प्रयोग करते है।



**34. Direct Selection Tool (A) -** Custom Shape या Shape के मदद से ड्रा किये गए Shape के line को कस्टमाइज करने के लिए प्रयोग करते है।



**35. Type Tool (T) –** Photoshop में Type tool का इस्तेमाल Text लिखने के लिए किया जाता है type tool चार प्रकार के होते है इनमे क्षैतिज और ऊर्ध्वाधर दोनो तरह के type बनाए जा सकते है।



**36. Horizontal Type Tool (T) -** इस टूल का प्रयोग Text type करने के लिए किया जाता है यह Left से Right की तरफ type होता है।



**37. Vertical Type Tool (T) -** इस टूल का प्रयोग Text type करने के लिए किया जाता है लेकिन  यह Vertical ऊपर से नीचे की ओर type होता है।



**38. Vertical Type Mask Tool (T) -** इस टूल का प्रयोग भी Vertical Text type करने के लिए किया जाता है परंतु यह type के दौरान Background को Select करता है type किया हुआ text background को अपने Outline से Setect कर लेता है।




**39. Horizontal Type Mask Tool (T) -** इस टूल का प्रयोग भी Horizontal Text type करने के लिए किया जाता है परंतु यह type के दौरान Background को Select करता है type किया हुआ text background को अपने Outline से Setect कर लेता है।




**40. Pen Tool (P) –** इस tool का प्रयोग Photoshop मे किसी Image को Select करने के अलावा विभन्न  आकृतियों पर आधारित आकृतियां बना सकते है यह Photo background काटने के लिए सबसे best tool है। किसी आकृति को Select करते समय Alt key का इस्तेमाल किया जाता है।




**41. Free From Pen Tool (P) -** Photoshop के इस टूल का प्रयोग से इस प्रकार Selection करने या आकृति बनाने के लिए किया जाता है जिस प्रकार पेंसिल Tool को Mouse द्वारा Drag किया जाता है।



**42. Add Anchor Point Tool -** Photoshop के इस टूल के प्रयोग से बनाए गए आकृति या Selection पर Nodes को जोडने के लिए किया जाता हैं इसके द्वारा किसी आकृति या Selection के आकार में परिवर्तन कर सकते है।



**43. Delete Anchor Point Tool –** Photoshop के इस टूल के प्रयोग से जोडे गए Nodes को हटाने के लिए किया जाता है।



**44. Convert Point Tool -** Photoshop के इस टूल के प्रयोग से आकृति के Selection में परिवर्तन किया जा सकता है।



**45. Rectangle Tool (U) –** Photoshop के इस टूल का प्रयोग भी आयताकार Shape बनाने के लिए किया जाता है।



**46. Rounded Rectangle Tool (U) -** इस टूल का प्रयोग भी आयताकार Shape बनाने के लिए किया जाता है। लेकिन ये कार्नर से थोडी सी राउंडेड होती है।



**47. Ellipse Tool (U)-** Photoshop के इस टूल का प्रयोग picture पर गोल Shape बनाने के लिए किया जाता है।



**48. Polygonal Tool (U) -** Photoshop के इस टूल का प्रयोग picture पर बहुभुज आकृति बनाने के लिए किया जाता है।



**49. Line Tool (U) –** इस टूल का प्रयोग किसी भी Select किए हुए Color की रेखा Line बनाने के लिए किया जाता है।



**50. Custom Shape Tool (U) -** Photoshop के इस टूल का प्रयोग Image पर विभिन्न प्रकार की आकृति बनाने के लिए किया जाता है इसमें अपने इच्छा अनुसार Color भी भर सकते है।



**51. Notes Tool ( N) -** Photoshop के इस टूल का प्रयोग Picture के किसी भी हिस्से में Notes लिखने के लिए प्रयोग करते है इस tool का प्रयोग एक से अधिक बार किया जा सकता है। Note लिखने के बाद।




**52. Eyedropper Tool (I) -** इस tool का प्रयोग किसी भी Picture में से Color को Select करके दूसरी Picture में Color भरने में कर सकते है।



**53. Color Sampler Tool (I) -** Photoshop के इस टूल के प्रयोग से Picture के किसी स्थान से रंगों का Color, Mood, Pixels, Resolution आदि की जांच करने के लिए किया जाता है, हम अधिकतम किसी वर्तमान खूली हुई Picture पर चार बार इस tool के उपयोग कर सकते है।



**54. Measure Tool (I) -** Photoshop के इस टूल के प्रयोग से Picture के स्थान की लंबाई–चौडाई Pixels में मापने के लिए किया जाता है।



**55. Hand Tool (H) -** Photoshop के इस टूल के प्रयोग से Image File को Space Button दबाकर माउस से Image को Move कर सकते है।




**56. Zoom Tool (Z) -** Photoshop के इस टूल के प्रयोग से Image File को Screen पर छोटे – बडे आकार में देख सकते है।




## Background Color:-

**57. Set Fore Background Color -** Photoshop के इस टूल का प्रयोग लिखे हुए Text का Color बदलने के लिए किया जाता है।

**58. Set Background Color –** किसी Image के Background के Color बदलने के लिए इस Tool का इस्तेमाल किया जाता है।

Set Fore Background Color  Set Background Color

**59. Edit in Standard Mode Tool (Q)–** इस tool के प्रयोग से अपने Image File को सामान्य स्थिति में यानी RGB/CMYK Mood में कार्य कर सकते है।



**60. Edit and Quick Mask Mode Tool (Q)-** Photoshop के इस टूल के प्रयोग से मस्क पर कार्य करने के लिए किया जाता है, यह Photoshop में एक विशेष प्रकार का नाम होता है।




**61. Standard Screen Mode (F)-** इस tool के प्रयोग से Photoshop के सभी Function के उपस्थिति में कार्य करते है, इसमें सभी Windows शामिल रहते है, जैसै–Title bar, Menu bar, Tool option bar, Tool bar, Pallets आदि सब कुछ मौजूद रहते है।



**62. Full Screen Mode with menu bar (F)-** Photoshop के इस टूल के प्रयोग सिर्फ Menu bar, Tool option bar, के मौजूदगी में कार्य कर सकते है।



**63. Full Screen Mode (F)-** Photoshop के इस टूल के प्रयोग से Photoshop मे कार्य को Full Screen Mode में कार्य कर सकते है, इस Mode मे कार्य करने के लिए हमें Shortcut Key की जानकारी होनी चाहिए।



**64. Jump to Image Ready (Ctrl-Shift+M)-** इस टूल के प्रयोग से अपने Program से सीधे Adobe Company का ही Image Ready Program को ही खोल सकते है, इस Program के अन्तर्गत Gif, Html, और Animation से सबन्धित सभी कार्य किए जा सकते है।



It takes a lot of hard work to make notes, so if you can pay some fee 50, 100, 200 rupees which you think is reasonable, if you are able to Thank you...

नोट्स बनाने में बहुत मेहनत लगी है , इसलिए यदि आप कुछ शुल्क 50,100, 200 रूपए जो आपको उचित लगता है Pay कर सकते है, अगर आप सक्षम है तो, धन्यवाद ।

G Pay

# Rohit Kumar

Account Number

**50100667294224**

IFSC Code

**HDFC0001914**

UPI ID

**upcissprime@okhdfcbank**

**Scan QR**

UPCISS
Prime

+91 6392067607

## About Us

Upciss Computer Education एक सबसे बड़ा Online और Offline शिक्षण संस्थान है यहां पर आप कंप्यूटर से संबंधित सभी प्रकार के PDF notes बिल्कुल free में प्राप्त कर सकते हो जैसे - NIELIT CCC, NIELIT O-Level, ADCA (Advanced Diploma in Computer Application), Tally Prime, Internet, All Keyboard Shortcut, MS Office इन सभी Courses के PDF Notes बिल्कुल फ्री में हमारी website (https://upcissprime.com/, https://upcissyoutube.com/) से download कर सकते हो।

YouTube

Upciss Prime

www.upcissprime.com

UPCISS Prime

SUBSCRIBED

**Our Computer Course**

CCC, ADCA, Tally Prime, HTML, CSS, Internet, MS Office, O-level

**YouTube Channel – Upciss Prime**